भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः89
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आपातकालिक चिकित्सा प्रणाली परियोजना के
शुरू किए जाने में विलंब

89. **श्री तारिक अनवरः**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि 2006 के सिलसिलेवार धमाकों के बाद परिकल्पित की गई आपातकालिक चिकित्सा प्रणाली परियोजना विलंब और विवादों से घिरी हुई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच इै कि भारत में ऐसी परियोजना के लिए आवश्यक एम्बुलैंस की डिजाइन के लिए कोई मानक उपलब्ध नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाये गए हैं?

उ त्त र
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद)

(क) और (ख): स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2006 में सिलसिलेवार धमाकों (सीरियल ब्लास्ट) के बाद आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली पर किसी परियोजना की परिकल्पना नहीं की थी।

(ग) और (घ): जी, नहीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार ने विभिन्न प्रकार की एम्बूलेंसों के रूप में वाहनों को पंजीकृत करने के लिए मानक निर्धारित किए हैं। "राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अभिघात परिचर्या सुविधा केन्द्रों की स्थापना" नामक कार्यक्रम के अंतर्गत तथा साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत तैनात की गई एम्बूलेंसों के मानक विनिर्देश निर्धारित किए गए हैं।